# आईआईटी में ड्रग डिजाइन तकनीक पर शॉर्ट कोर्स शुरू



इंदौर। नईदुनिया रिपोर्टर

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) इंदौर में अब शॉर्ट टर्म कोर्स शुरू किए जा रहे हैं। हाल ही में इंडस्ट्रीज की मांग को देखते हुए छह दिवसीय ड्रग डिजाइन पर शॉर्ट टर्म कोर्स शुरू किया गया है। इसके तहत बताया जाएगा कि मेडिकल क्षेत्र में किस तरह की मेडिसिन की जरूरत है और इसे बनाने के लिए किन सॉफ्टवेयर की मदद ली जाती है। आईआईटी के पास डिजाइन क्षेत्र में विश्व स्तरीय टूल्स है। फार्मा इंडस्ट्रीज और इस क्षेत्र में पढ़ाई कर रहे सभी स्टूडेंट्स को इससे अपडेट रहने की जरूरत है।

## इंडस्ट्रीज को लेटस्ट जानकारी देना चाहता है संस्थान

संस्थान का कहना है कि उनका काम पढ़ाने के अलावा समाज को ऐसी रिसर्च और जानकारी देना है जिससे आम जन को फायदा हो। शॉर्ट टर्म कोर्स इसी मकसद से शुरू किए गए हैं कि आईआईटी के पास मौजूद विश्व स्तरीय संसाधनों पर होने वाली रिसर्च का फायदा विभिन्न क्षेत्रों को मिले। 18 से 19 मार्च को वायब्रेशन मॉनिटरिंग टेक्निक्स फॉर मशीनरी फाल्ट डायग्नोसिस विषय पर भी संस्थान शॉर्ट कोर्स शुरू करेगा। कोर्सेस में प्रवेश के लिए संस्थान की वेबसाइट पर संपर्क किया जा सकता है।

**Nai Dunia (Indore), 6th March 2019, Page-11**